GOVERNMENT NAVEEN COLLEGE BORI
BORI, DIST- DURG, [C.G.], INDIA, 491001
NAAC ACCREDITED B GRADE
AFFILIATED TO HEMCHAND YADAV UNIVERSITY, DURG (C.G.)
www.govtcollegebori.com
Email-govtcollegebori@gmail.com
College Code - 309

# IQAC Activities
## June/July/August/September/October/November/December/January/February/March/April/May

# महाविद्यालय में आयोजित गतिविधियाँ

## रसायन शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियाँ

### यातायात सुरक्षा पर एक दिवसीय सेमिनार

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा चौहान ऑटोमोबाइल एरीना के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय यातायात सुरक्षा विषय पर सेमिनार का आयोजन 12 जुलाई 2024 को किया गया। जिसमे मारुती सुजुकी की ओर से मुथू कुमार ,मुकेश् चौधरी और शिव कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्तिथ रहे । कार्यक्रम का संचालन रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. मीनाचक्रबोर्तीने किया,मुथुकुमार ने छात्र- छात्राओ को यातायात के विभिन्न चिन्हों से अवगत कराया ,साथ ही ड्राइविंग के समय रखी जाने वाली सावधानियां एवं विपरीत समय में उत्पन्न परिस्तिथियों में किये जाने वाले उपायों कि जानकारी विद्यार्थियों को दी। मुकेश चौधरी एवं शिव कुमार ने विद्यार्थियों की शंका का समाधान किया। इस अवसर पर महिद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. तापस मुखर्जी और प्रभारी प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर ने रसायन शास्त्र विभाग को कार्यक्रम के सफल होने कि बधाई दी।

### केमिकल एसोसिएशन का गठन

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा एमएससी रसायन शास्त्र प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों हेतु केमिकल एसोसिएशन का गठन 7 सितम्बर 2024को साइड किया गया ।कार्यकम का संचालन करते हुए रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ.मीना चक्रबोर्ती ने बताया कि केमिकल एसोसिएशन के गठन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रसायन शास्त्र के क्षेत्र में होने वाले नवीनतम अनुसंधानों एवं गतिविधियों के बारे में जागरूक बनाना और उसमे अनुसन्धान की प्रवित्ति को बढ़ावा देना है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ हंसराज ठाकुर ने केमिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों को उनके पद कि शपथ दिलाते हुएविद्यार्थियों को इस प्लेटफार्म के माध्यम के माध्यम से अपने सम्प्रेषण कौशल एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का आहान किया। कार्यक्रम का धन्यवाद् ज्ञापन डॉ. मनीषा ठाकुर ने किया।

Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)


दैनिक भास्कर भिलाई भास्कर 12-07-2024

## बोरी स्कूल के विद्यार्थियों को यातायात के चिन्ह बताए गए

अंडा| शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा चौहान ऑटोमोबाइल मारुति सुजुकी एरीना भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में सड़क यातायात सुरक्षा विषय पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मारुति की ओर से मुथुकुमार, मुकेश चौधरी तथा शिव कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन रसायन शास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ. मीना चक्रवर्ती ने किया। मुथुकुमार ने विद्यार्थियों को विभिन्न यातायात चिन्हों से अवगत कराया, साथ ही ड्राइविंग के समय रखी जाने वाली सावधानियां एवं विपरीत समय में उत्पन्न परिस्थितियों में किए जाने वाले उपायों की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। मुकेश चौधरी एवं शिव कुमार ने विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया। इस अवसर पर डॉक्टर तापस मुखर्जी, कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर ने रसायन शास्त्र विभाग को कार्यक्रम के सफल आयोजन की बधाई दी। कार्यक्रम में डॉ. समीर जायसवाल, भागवत कुर्रे, डॉ. संगीता शर्मा, कविता ठाकुर, डॉ. आशा दीवान, डॉ. महतो एवं मेहर उपस्थित थे।


हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com

Raipur Ispat Bhoomi - 27 Sep 2024 - Page 3

## बोरी कॉलेज में केमिकल एसोसिएशन का गठन

अंडा। महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा एमएससी रसायन शास्त्र प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों हेतु केमिकल एसोसिएशन का गठन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. मीना चक्रवर्ती विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र ने बताया कि केमिकल एसोसिएशन के गठन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रसायन शास्त्र के क्षेत्र में होने वाले नवीनतम वैज्ञानिक अनुसंधानों एवं गतिविधियों के बारे में जागरूक बनाना और उनमें अनुसंधान की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर ने केमिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों को उनके पद की शपथ दिलाते हुए विद्यार्थियों को इस प्लेटफार्म के माध्यम से अपने संप्रेषण कौशल एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का आह्वान किया। इस सत्र में एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में राहुल चंद्राकर एमएससी तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष नेहा एमएससी तृतीय सेमेस्टर, सचिव सूर्यप्रकाश एमएससी प्रथम सेमेस्टर, सह सचिव वेणु पटेल एमएससी प्रथम सेमेस्टर तथा सदस्यों के रूप में तारिणी, अनुष्का, चंद्रपाल वर्मा एवं गंगा ने अपने पद की शपथ ली।

**यातायात सुरक्षा पर एक दिवसीय सेमिनार** **केमिकल एसोसिएशन का गठन**

## क्विज प्रतियोगिता

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 21 अक्टूबर 2024 को रसायन विज्ञान में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में कुल चार राउंड थे ,जिनमें से पहले दो राउंड में सामान्य रसायन विज्ञान से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न विद्यार्थियों से पूछे गए ।तीसरे राउंड हेतु विद्यार्थियों को अपने पसंद का एक टॉपिक चुनने के लिए कहा गया और फिर उनके द्वारा चुने गए टॉपिक में से उनसे वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए चतुर्थ एवं अंतिम राउंड बजर राउंड के रूप में रखा गया था । इस प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने भाग लिया जिनके नाम क्रमशः बोरान, कार्बन, नाइट्रोजन, ऑक्सीजन , हैलोजन एवं नियॉन टीम के रूप में रखे गए थे। प्रत्येक टीम में चार सदस्य थे । एम एस सी पूर्व रसायन शास्त्र, बीएससी अंतिम, बीएससी द्वितीय वर्ष एवं बीएससी प्रथम वर्ष के एक-एक छात्रों का चयन प्रत्येक टीम में सदस्य के रूप में किया गया था। संपूर्ण क्विज का संचालन एमएससी रसायन शास्त्र पूर्व के विद्यार्थी चंद्रपाल वर्मा द्वारा किया गया । इस प्रतियोगिता में टीम बोरान विजई रही, जिसके सदस्य थे गंगा एमएससी पूर्व रसायन शास्त्र, गजेंद्र साहू बीएससी अंतिम वर्ष, कविता पटेल बीएससी द्वितीय वर्ष तथा गजेंद्र कुमार बीएससी प्रथम वर्ष । संपूर्ण प्रतियोगिता का आयोजन रसायन शास्त्र विभाग के प्राध्यापकों डॉ मीना चक्रवर्ती एवं डॉ मनीषा ठाकुर की मार्गदर्शन में किया गया ।



**क्विज प्रतियोगिता**

## शैक्षणिक भ्रमण

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी द्वारा एमएससी रसायन शास्त्र पूर्व एवं अंतिम के विद्यार्थियों के लिए एबिस एक्सपोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, इदामारा राजनादगांव में स्थापित संयंत्र एवं एनालिटिकल लैब के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। एबीस भारत का एक बड़ा प्रोटीन केंद्रित कृषि व्यवसाय समूह है। आई बी समूह के एबीसी ब्रांड की भारत में पशुधन चारा,खाद्य तेल और प्रोसेस्ड चिकन में बी टू बी और बी टू सी श्रेणियां में महत्वपूर्ण उपस्थिति है । एमएससी रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों ने एनालिटिकल लैब में मुर्गियों के फीड में न्यूट्रीशनल कंपोनेंट के एनालिसिस की प्रक्रिया को बारीकी से समझा। एबीसी संयंत्र में विद्यार्थियों ने चिकन फीड तथा फिश फीड तैयार होने की संपूर्ण प्रक्रिया को भली भांति समझा । साथ ही संयंत्र में एबिस राइस ब्रान ऑयल बनने की प्रक्रिया को भी देखा। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान एबीस प्राइवेट लिमिटेड के एच आर श्री दुष्यंत हेदु, श्री शेष तथा सुश्री उर्वशी द्वारा किया गया | इस भ्रमण से विद्यार्थियों ने अपने सैधांतिक ज्ञान का व्यावहारिक अनुप्रयोग का अनुभव प्राप्त किया | शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. श्रीमती कमर तलत के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में रसायन शास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ मीना चक्रवर्ती एवं डॉ मनीषा ठाकुर द्वारा किया गया | शैक्षणिक भ्रमण में महाविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक श्री अनुराग पटेल एवं डॉ कृष्ण कुमार पटेलभी उपस्थित रहे।





**शैक्षणिक भ्रमण,(एबिस एक्सपोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड)**

## वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियाँ

### आयुर्वेदिक औषधालय का शैक्षणिक भ्रमण

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा 19 दिसम्बर 2024 आयुर्वेदिक अस्पताल का भ्रमणवनस्पति विज्ञानविभागाध्यक्ष ,डॉ संगीता देवी शर्मा के सफल निर्देशन एवं मार्ग दर्शन में हुआ। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को आयुर्वेदिव उपचार के दौरान उपयोग में लाये जाने वाले औषधियुक्त पौधों से परिचित करवाना एवं आयुर्वेदिक औषधालय में चिकित्सकों द्वारा किये जाने वाले हर्बल उपचार से परिचित करवाना था। इस भ्रमण में बीएससी प्रथम सेमेस्टर के 36 विद्यार्थी उपस्तिथ रहे। सभी सुबह 11 बजे बोरी स्तिथ आयुर्वेदिक अस्पताल पहुँच चुके थे।



आयुर्वेदिक औषधालय का शैक्षणिक भ्रमण

### कृषि फार्म का शैक्षणिक भ्रमण

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा बोरी स्तिथ वर्मा कृषि फार्म का भ्रमण 25 सितम्बर 2024 को वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता देवी शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। जिसमे बीएससी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी।जिसका उद्देश्य अध्यन स्थल सेपौधों की प्रजातियों का अवलोकन करना और उन्हें एकत्र करना। क्षेत्र में पाए जाने वाले पौधों के प्राकृतिक आवासों और विशेषताओं का वर्णन करना ,हर्बेरियम तैयार करने के लिए कुछ पौधों की प्रजातियों का अध्यन करना तथा उन्हें परिक्षण हेतु प्रस्तुत करना एवं एकत्रित पौधे को सन्दर्भ अध्ययन के लिए रखना एवं उपयोग में लाना था। छात्र -छात्राओं को प्राकृतिक वातावरण में किसी विशेष स्थान का अध्ययन शुरू करने के लिए व उस विषय का गहन ज्ञान होना आवश्यक है चूँकि कक्षा अध्ययन और क्षेत्र अध्ययन एक दुसरे के पूरक हैं और उन में से किसी भी एक चीज़ को अनदेखा नहीं किया जा सकता इसलिए इन दोनोंअध्ययनको ध्यान में रखते हुए ,हेमचंद विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा यह शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया।



**कृषि फार्म का शैक्षणिक भ्रमण**

## प्राणी शास्त्र विभाग विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियाँ

**प्राणियों में विविधता पर फील्ड कार्य**

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में दिनाँक 18.09.2024 को महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा बी.एस.सी.अंतिम वर्ष के छात्रों हेतु जैव विविधता से संबंधित फील्ड में जाकर क्वाडरेटविधि द्वारा जीवों की विविधता का पता लगाया ।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कविता ठाकुर ,(विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं छात्रों को जैव विविधता का महत्व समझने के साथ साथ लोगों में भी जैव विविधता के महत्व को समझाने हेतु संकल्प लिया।




**प्राणियों में विविधता पर फील्ड कार्य**

**एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम**

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में दिनाँक दिनाँक 03.012025 को महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा एक दिवसीय व्याख्यान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा. सोनिया बजाज, प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष, शंकराचार्य महाविद्यालय, भिलाई ,जिला-दुर्ग रहीं। जिन्होने छात्रों को "सिंगल जीन डिस्ऑर्डर" विषय पर अपना विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डा. (श्रीमती) कमर तलत उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कविता ठाकुर ,(विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापक गण एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाया।






**एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम**

## गणित विभाग द्वारा आयोजित गतिविधि

### गणित दिवस

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के गणित विभाग द्वारा दिनांक 24 दिसम्बर 2024 को रामानुजन गणितज्ञ के जन्म तिथि 22 दिसंबर को गणित दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर (श्रीमती) कमर तलत की अध्यक्षता और वरिष्ठ प्राध्यापक, डॉक्टर तापस मुखर्जी, डॉक्टर आशा दीवान डॉक्टर हंसराज ठाकुर, सभी के द्वारा गणित विषय को अन्य विषयों के संबद्धता पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर मीना चक्रवर्ती ने धन्यवाद ज्ञापन किया । अन्य सब विषयों के के प्राध्यापक, डॉ संगीता शर्मा, डॉक्टर मनीषा ठाकुर, कविता ठाकुर डॉक्टर समीर जयसवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन, कृष्ण कुमार साहू बीएससी सेकंड ईयर द्वारा किया गया। इस अवसर पर रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसके प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। गणित विभाग के श्री सुरेंद्र कुमार महर द्वारा आभार व्यक्त किया गया।इस विषय पर प्रकाश डालते हुए गणित के प्राध्यापक सुरेन्द्र कुमार मेहर ने विद्यर्थियों को समझाते हुए कहा कि ,चाहे खाना पकाना हो, निर्माण कार्य हो या यात्रा की दूरी की गणना करना हो, गणित हमें मात्राओं को सही ढंग से मापने, तुलना करने और

उनका मूल्यांकन करने में मदद करता है। यह विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी की रीढ़ है, जो विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति को सुविधाजनक बनाता है जो हमारे जीवन की गुणवत्ता में सुधार करता है।इसी प्रकार गणित कि विशेषता बताते हुए कहा कि,गणित की विशेषताएं - गणित विषय एक स्वप्रमाणित विषय है गणित के ज्ञान का आधार हमारी ज्ञानेंद्रियां हैंइसके इसके ज्ञान का आधार निश्चित होता है जिससे उस पर विश्वास किया जा सकता है।गणित में संख्याएं स्थान दिशा तथा मापन या माहौल का ज्ञान प्राप्त किया जाता है।








**गणित दिवस**

# भौतिक शास्त्र  विभाग द्वारा आयोजित गतिविधि

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 28 फरवरी 2025 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वर्किंग मॉडल और पोस्टर  प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया ।बी .एस .सी . के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता मे भाग लिया ,जिसमे विद्युत ऊर्जा एवं घरेलू विद्युत उपकरणों का प्रदर्शन पोस्टर और वर्किंग मॉडल के माध्यम से किया गया। भौतिक शास्त्र विभागाध्यक्ष श्री मोहित कुमार के मार्गदर्शन और निर्देशन मे यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्री मोहित कुमार ने किया तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य(श्रीमती )क़मर तलत नेबी .एस .सी के छात्र - छात्राओ की प्रशंसा की। इस प्रतियोगिता मे वर्किंग मॉडल बना  कर बी .एस .सी प्रथम सेमेस्टर के छात्र धनेन्द्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ,द्वितीय स्थान पर  बी .एस .सी प्रथम सेमेस्टर के छात्र त्रिभुवन साहू रहे जिन्होंने पोस्टर बना कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यकरम मे महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे विजेता विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया और अन्य  विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती क़मर तलत ने श्री मोहित कुमार को बधाई दी।





**राष्ट्रीय विज्ञान दिवस ( मॉडल और पोस्टर का प्रदर्शन )**

## हिंदी विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियाँ

### मुंशी प्रेमचंद जयंती

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के तत्वाधान में हिंदी विभाग द्वारा3जुलाई 2024 को प्रेमचंद जयंती का आयोजन हिंदी विभागाध्यक्ष श्रीमती ए. महतो के संचालन एवं मार्गदर्शन में किया गया। हिन्दी विभाग की प्राध्यापक डॉ .आशा दिवान ने मुंशी प्रेमचंद जयंती पर सुन्दर तरीके से व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि मुंशी प्रेमचंद हिंदी ,उर्दू के सर्वाधिक लोकप्रिय उपान्यसकार ,कहानीकार एवं विचारक थे,उन्होंने सेवासदन ,रंगभूमि ,कर्मभूमि ,गबन ,गोदान जैसे उपन्यास ,बड़े घर कि बेटी, पूस की रात ,कफ़न ,दो बैलो कि कथा जैसी तीन सौ से भी अधिक कहानियाँ लिखी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर रहे ।निबंध प्रतियोगिता का विषय – "मुंशी प्रेमचंद जी का हिंदी साहित्य में योगदान"रहा। जिसमे प्रथम स्थान पर ओमेश बीएससी तृतीय वर्ष,द्वितीय स्थान पर दीपाली बीकॉम तृतीय और तृतीय स्थान पर भारती साहू रहे। कार्यक्रम के निर्णायक डॉ .संगीता देवी शर्मा ,डॉ भारती साहू ,डॉ. नुसरत जहाँ रहे ।कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। कार्यक्रम के समापन की घोषणा करते हुए हिंदी विभागाध्यक्ष श्रीमती अन्नपूर्णा महतो ने मुंशी प्रेमचंद की जीवनी पर प्रकश डालते हुए उनके द्वारा रचित कई कहानियों के विषय में विस्तार से बताया। मुंशी प्रेमचंद किस तरीके से अपनी कहानी में प्रेम, त्याग और मानवीय मूल्यों का सजीव वर्णन किया करते थे और उनके लिखे उपन्यास कितने रोचक हुआ करते थे ये आज की पीढ़ी का समझना अतिआवश्यक है इन महत्वपूर्ण बिन्दुओ को छात्र –छात्राओं को समझाया। इस कार्यक्रम में समस्त विभागाध्यक्ष एवं अतिथि व्याख्याता उपस्तिथ रहे।

## हिंदी दिवस

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के तत्वाधान में हिंदी विभागद्वारा हिंदी दिवस का आयोजन किया गया ,कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर रहे एवं संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष श्रीमती अन्नपूर्ण महतो ने किया। उन्होंने छात्र -छात्राओं के समक्ष अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किये ।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने हिंदी भाषा पर अपने विचार रखे ।कार्यक्रम का धन्यवाद् ज्ञापन डॉ. आशा दीवान ने किया।




## हिंदी दिवस

### ❖ निबंध प्रतियोगिता

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के तत्वाधान में हिंदी विभाग द्वारा 19 जुलाई 2024 को निबंध प्रतियागिता का आयोजन किया गया। राज्य शासन द्वारा "अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन"@ 2046 के अंतर्गत आयोजित इस निबंध का विषय मेरे सपनो का खुशहाल छत्तीसगढ़ रहा। जिसमे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया, इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ओमेश बीएससी तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर भारती साहू बीकॉम तृतीय वर्ष एवं तृतीय स्थान पर डॉमेश्वरी देशमुख बीएससी द्वितीय वर्ष से विजयी रहे ।इस आयोजन पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने"मेरे सपनो का खुशहाल छत्तीसगढ़"विषय पर सुंदर एवं आकर्षक रंगोली बनाई। रंगोली के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक -संस्कृति , नृत्य और अन्य कलाओ को आकर्षक से प्रस्तुत किया।

# अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित गतिविधि

## छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के तत्वाधान में अंग्रेजी विभाग द्वारा छह दिवसीय सेमिनार का आयोजन 9 से 12 दिसम्बर 2024 तक किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.( श्रीमती) क़मर तलत की अनुमति एवं मार्गदर्शन में इस कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला के मुख्य प्रबंधक एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष , महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. तापस मुखर्जी रहे।

छह दिवसीय कार्यशाला केआयोजन का विषय ''Bridging the Urban-Rural Gap by Facilitating Better Communication Skills in English" रहा । कार्यशाला का संचालन श्री मोहित कुमार (विभागाध्यक्ष –भौतिकी शास्त्र ) द्वारा किया गया तत्पशचातमहाविद्यालाय की प्राचार्य डॉ.( श्रीमती) क़मर तलत ने कार्यशाला के विषय की प्रसंशा करते हुए विद्यार्थियों को आशीर्वचन स्वरुप दो शब्द कहे । कार्यशाला के मुख्या वक्ता डॉ. तापस मुखर्जी ने कहा की इस कार्यशाला का उद्देश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अंग्रेजी में बेहतर संचार कौशल की सुविधा प्रदान करकेशहरी -ग्रामीण अंतर को पाटना है। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्तिथ रहे । कार्यशाला के अंतिम दिवस पर डॉ. नुसरत जहाँ (अतिथि व्याख्याता) ने धन्यवाद ज्ञापन किया। छह दिन की इस कार्यशाला में महाविद्यालय के लगभग सभी विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी दर्ज की।

**छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन**

**छह दिन की इस कार्यशाला में महाविद्यालय के कुछ विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की जो निम्नलिखित है:-**

- **नाम -तारिणी , बी.ए. -प्रथम सेमेस्टर**

➢ शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला से मुझे अंग्रेजी विषय के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला। मैंने बारहवी कक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की थी किन्तु इंग्लिश में मेरा ज्ञान कम था ,इस कार्यशाला मके माध्यम से मुझे बहुत लाभ मिला। टेंस को मैंने ट्रिक के माध्यम से आसानी से सीखा जिसे मै जीवन पर्यंत याद रख सकती हूँ। इस कार्यशाला से जुड़े प्रत्येक प्राध्यापक और आदरणीय प्राचार्य मैडम ,आदरणीय डॉ. तापस मुखर्जी सर को मै ह्रदय से आभार व्यक्त करती हूँ।

- **नाम -त्रिभुवन ,बी.एस.सी-प्रथम सेमेस्टर**

➢ मेरा नाम त्रिभुवन कुमार है, मै बी.एस.सीप्रथम सेमेस्टर का छात्र हूँ , शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला से मेरे अंग्रेजी शब्दकोष में वृद्धि तो हुई ही है इसके अलावा मैंने ग्रामर में बहुत सरे विषय जो की मुझे कठिन लगते थे आसानी के साथ सीखा। आदरणीय मुखर्जी सर के पढ़ाने का तरीका मुझे बहुत अच्छा लगता है। इंग्लिश बोलना मुझे बहुत कठिन लगता था किन्तु इस कार्यशाला के माध्यम से इंग्लिश बोलना मेरे लिए आसान हो रहा हैमहाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण को मै ह्रदय से धन्यवाद् देता हूँ।

## अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियाँ

### भारतीय अर्थवयवस्था पर एक दिवसीय व्याख्यान

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के तत्वाधान में अर्थशास्त्र विभागद्वारा एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन 21 सितम्बर २०२४ को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं व्याख्याकर्ता शासकीय डॉ .वामन वासुदेव पाटनकर कन्या स्नात्कोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के प्राचार्य एवं अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष रहे ,उन्होंने भारतीय अर्थवयवस्था

विषय के अंतर्गत् कृषि ,उद्योग,एवं सेवा क्षेत्र का अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव पर क्रमवार प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन एवं अभार् अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. हंसराज ठाकुर ने किया एवं संचालन डॉ. भारती साहू द्वारा किया गया।




## भारतीय अर्थवयवस्था पर एक दिवसीय व्याख्यान

## बजट परिचर्चा

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के तत्वाधान मेंअर्थशास्त्र विभागद्वारा12 फ़रवरी २०२५ को केंद्र एवं राज्य द्वारा प्रस्तुत बजट के सन्दर्भ में परिचर्चा की गई। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. हंसराज ठाकुर द्वारा केंद्रीय बजट का आंकड़ों साहित वर्णन किया गया।डॉ. भारती साहू द्वारा छत्तीसगढ़ के बजट पर विचार प्रस्तुत किये गए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष एवं विद्यार्थी उपस्तिथ रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भारती साहू द्वारा किया गया उन्होने समस्त विद्यार्थियों को बजट विषय पर विस्तार से समझाया और कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। इस कार्यक्रम के सफल होने पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आशा दीवान ने अर्थशास्त्र विभाग को बधाइयाँ दी और उनके सफल भविष्य की कामना की।



## राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित गतिविधि

### संविधान दिवस

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के तत्वाधान में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 26 नवम्बर 2024 को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य( श्रीमती )क़मर तलत के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. नुसरत जहाँ (अतिथि व्याख्याता ) ने संविधान कि महत्ता पर प्रकाश डालते हुए स्वरचित कविता " **क्या होता अगर संविधान न होता** " प्रस्तुत किया , तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य ( श्रीमती ) क़मर तलत ने विद्यार्थियों को संविधान में वर्णित मूल अधिकारों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ.आशा दीवान रही। उन्होंने अपने उद्बोधन में संविधान की प्रस्तावना को "संविधान की आत्मा" बताते हुए केंद्र एवं राज्य अनुसूचियों का वर्णन किया। इस कार्यक्रम में समस्त विभाग के प्राध्यापको ने अपनी सहभागिता दी। महाविद्यालय की प्राचार्य ( श्रीमती ) क़मर तलत ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। इसी के साथ प्रस्तावना का वाचन डॉ. हंसराज ठाकुर द्वारा किया गया। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. नुसरत जहां(अतिथि व्याख्याता )ने भाषण प्रतियोगिता का प्रारंभ कराया । राजनीति विज्ञान के अतिथि व्याख्याता श्री अनुराग पटेल द्वारा क्विज प्रतियोगिता कराई गई। विजेता, उपविजेता, एवं तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल , प्राचार्य डा. (श्रीमती) कमर तलत के द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता के साथ बड़ी मात्रा में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।







**संविधान दिवस**

## समाज-शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियां

### शिक्षक दिवस

समाज-शास्त्र विभाग द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन 5 सितंबर 2024 कोकिया गया, इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा एक विशेष उत्सव का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के लिए सम्मान में भाषण, कविता, पाठ की प्रस्तुतियाँ दीं। अपनी भावनायों को प्रकट करते हुए शिक्षकों के प्रति अपनीआस्था प्रकट की। मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य हंसराज ठाकुर ने अपना उद्‌बोधन में शिक्षकों की भूमिका का बखान किया तत्पश्चात् विद्यार्थियों द्वारा सभी शिक्षकों को पेन भेंट कर सम्मानित किया गया।



**शिक्षक दिवस**

## समाजशास्त्र परिषद् का उद्घाटन

समाजशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 3 अक्टूबर 2024 को समाजशास्त्र परिषद् का गठन किया। इस अवसरपर
विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय ''आधुनिक समाज मे मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियाँ एवं समाधान ''रहा , । समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ अमरनाथ शर्मा ने समाजशास्त्र परिषद के उददेशों एवं रूपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया की शैक्षणिक ,सांस्कृतिक और समाज संबंधित विषयों पर विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। मुख्य वक्त के रूप मे डा .आभा शशि मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ एवं परामर्शदाता ने अपने व्याख्यान मे आधुनिक जीवन शैली मे सामाजिक दबाव ,तकनीकी प्रभाव और व्ययक्तिगत संघर्षों को मानसिक रोग का कारण बताया इसी कड़ी मे  भारती विश्वविद्यालय की प्राध्यापक डा .सुचित्रा शर्मा ने  मानसिक स्वास्थ्य मे सुधार के लिए विद्यार्थियों को टिप्स दिए।




**समाजशास्त्र परिषद् का उद्घाटन**

## अतिथि व्याख्यान , ग्रामीण विकास में मीडिया की भूमिका

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में दिनांक 20/05/2025 को समाजशास्त्र विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अतिथि व्याख्याता श्री प्रशांत कानस्कर रहे। कार्यक्रम का आरंभ समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अमरनाथ शर्मा के मंच संचालन एवं मंच पर आसीन बुद्धिजीवियों के स्वागत से किया गया। उन्होंने गांवों को भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा बताते हुए ग्रामीण विकास में मीडिया के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्ष एवं महाविद्यालय की प्राचार्य (श्रीमती) डॉ. कमर तलत ने प्रशांत जी का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को आर्शीवचन दिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. प्रशांत ने स्वयं का परिचय देते हुए छात्र-छात्राओं का परिचय लिया तत्पश्चात उन्होंने ग्रामीण विकास में, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के समर्थन का बखान किया, 36 वर्ष से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यरत एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय अवार्ड से सम्मानित श्री प्रशांत ने ग्रामीण क्षेत्र में मीडिया की भूमिका गायन व कविता के माध्यम से समझाया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने प्रश्न किया और प्रशांत जी ने उत्तर दिया, गांवों में पत्रकारिता के उद्देश्य को भी समझाया। कार्यक्रम में डॉ. समीर जायसवाल, श्री भागवत कुर्रे, श्री मोहित कुमार, डॉ. भारती साहू, डॉ. नुसरत जहाँ, डॉ. आशुतोष, श्री सुनील कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. समीर जायसवाल ने किया।




**अतिथि व्याख्यान , ग्रामीण विकास में मीडिया की भूमिका**

## भूगोल विभागद्वारा आयोजित गतिविधि

### विश्व पर्यटन दिवस

दिनांक 27.09.2024 को शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में भूगोल विभाग के तत्वाधान में प्राचार्य के मार्गदर्शन में विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया इस उपलक्ष में विभागप्रमुख ने छात्र-छात्राओं को बताया कि क्यों विश्व पर्यटन दिवस 27 सितंबर को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 1980 में संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन के द्वारा हुई इस तिथि के चुनाव का मुख्य कारण यह था कि वर्ष 1970 में UNWTO की कानून को स्वीकारा गया था।इसी प्रकारविभागप्रमुख ने कहा की **सैर कर दुनिया की गाफिल, जिंदगानी फिर कहां, जिंदगानी फिर रही तो, नौजवानी फिर कहां।ख्वाजा मीर** दर्द की ये शायरी आज के समय में घूमने-फिरने वालों की जुबां पर रहती है। पर्यटन सिर्फ घूमने वालों को ही सुकून नहीं देता, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में भी बड़ा योगदान देता है। लोगों के बीच पर्यटन के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और यह देश या किसी क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि में कैसे मदद करता है, के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 27 सितंबर के दिन विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है।इस कार्यक्रम में बी. ए. अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राये उपस्थित रहे




**विश्व पर्यटन दिवस**

# वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियां

## वाद विवाद प्रतियोगिता

30 अगस्त 2024 को शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ .मीना चक्रवर्ती विभागाध्यक्ष रसायन, डॉ. संगीता शर्मा विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान और डॉ. समीर जायसवाल विभागाध्यक्ष वाणिज्य थे । वाद विवाद कार्यक्रम में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय, कला संकाय एवं एवं वाणिज्य के 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमे सभी प्रतिभागियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मीना चक्रवर्ती ने सभी विद्यार्थियों तो बतलाया कि कौशल (skill) विकास और डिग्री दोनों के समावेश से ही सर्वोच्च विकास संभव होगा और अपने कौशल को विकसित करते रहे ताकि इस प्रतियोगिता के दौर में विद्यार्थी अपना औरों से अलग पहचान बना सकेंगे । डॉ. समीर जायसवाल ने अपने उद्बोधन में बतलाया कि आज के इस युग में स्वयं को अपडेट नहीं करेंगे तो आउटडेट हो जायेंगे, जो विद्यार्थी अपने कौशल (skill) को विकसित करने में निरंतर प्रयास करता रहता है वह सही मायने में अपने सर्वंगीण विकास पर कार्य कर रहा है और यदि ये कौशल (skill) डिग्री में सम्मिलित हो जाये तो विद्यार्थी नए नए आयाम को छू सकता है और वह सब प्राप्त कर सकता जिसकी बहुत से लोग जीवन में आकांक्षा करते हैं। विद्यार्थियों को रीडिंग स्किल (readingskill), राइटिंग स्किल , लिसनिंग (listening) और सम्प्रेषण कौशल (communicationskills ) पर काम करना चाहिए ताकि विद्यार्थी जीवन को सार्थक बना सकें ।




## वाद विवाद प्रतियोगिता

### एम.कॉम प्रथम सेमेस्टर का दीक्षारम्भ कार्यक्रम

14 अगस्त 2024 को शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी, वाणिज्य विभाग में एम.कॉम प्रथम सेमेस्टर का दीक्षारम्भ कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति में सुचारू रूप से संचालित हुआ। स्नातकोतर दीक्षारम्भ कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना एवं छत्तीसगढ़ राज्य गीत से किया गया। फिर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हंसराज ठाकुर ने महाविद्यालय की सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को बतलाया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ तापस मुख़र्जी ने आज के समय में पढने के कौशल (Reading Skill ) पर सभी विद्यार्थियों को ध्यान देने को कहा। डॉ आशा दीवान वरिष्ठ प्राध्यापिक ने अनुशासन के महत्व को बताया और इसको जीवन में सम्मिलित करने की हिदायत दी और भविष्य में सभी सफलताओं की कुंजी के रूप में बतलाया। डॉ अमरनाथ शर्मा वरिष्ठ प्राध्यापक समाजशास्त्र ने विद्यार्थी को समग्र विकास के लिए शारीरिक एवं मानसिक विकास को अति आवश्यक बतलाया। डॉ. समीर जायसवाल विभागाध्यक्ष वाणिज्य ने एम.कॉम कार्यक्रम की विशेषता बतलाते हुए कहा कि एम.कॉम की पढाई के साथ साथ प्रेजेंटेशन कौशल पर भी विशेष ध्यान विद्यार्थी देवें, पढाई पढने के लिए नहीं बल्कि पढ़ाने के उद्देश्य के साथ करें जिससे आने वाले प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयारी सही दिशा में हो सके।




**एम.कॉम प्रथम सेमेस्टर का दीक्षारम्भ कार्यक्रम**

## फिल्म विश्लेषण "द परस्यूट ऑफ हैप्पीनेस"

वाणिज्य विभाग द्वारा 01.01.2025 को एक विभाग स्तरीय फिल्म विश्लेषण प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। वाणिज्य विभाग द्वारा फिल्म "द परस्यूट ऑफ हैप्पीनेस" की एक विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गई थी। "परस्यूट ऑफ हैप्पीनेस" छात्रों के लिए प्रेरणादायक फिल्मों में से एक है, जहां एकल पिता क्रिस गार्डनर के लिए जीवन संघर्ष से परिपूर्ण है। जहाँ पैसों की किल्लत के कारण उनको अपने अपार्टमेंट से बेदखल किया जाता है, उनकी धर्मपत्नी भी कठिन परिस्थिति का सामना नहीं कर पाती और उन्हें छोड़ देती हैं, क्रिस गार्डनर

और उसका छोटा बेटा खुद को अकेला पाते हैं और उनके पास जाने के लिए कोई जगह नहीं है। भले ही क्रिस को अंततः एक प्रतिष्ठित ब्रोकरेज फर्म में इंटर्न के रूप में नौकरी मिल जाती है, लेकिन उस पद पर कोई पैसा नहीं मिलता है। आगे समय समय पर अन्य कठिनाइयों का क्रिस बहुत धीरज और साहस के साथ सामना करते हैं और हर मुश्किल में मुस्कुराने का सन्देश हर नौजवान को देते हैं कि कठिन परिस्थिति से जो लड़ गया वही जीवन में आगे बढेगा, का सन्देश देते हैं ।50 से अधिक छात्रों के एक बैच ने फिल्म "परस्यूट ऑफ हैप्पीनेस" की विशेष स्क्रीनिंग देखी। फिल्म विश्लेषण और प्रस्तुति के निर्णायक डॉ. तपस मुखर्जी थे और विशेष स्क्रीनिंग के मुख्य अतिथि प्रिंसिपल डॉ. कमर तलत थे। प्रिंसिपल ने वाणिज्य विभाग और सभी प्रतिभागियों कोबधाई दी जिन्होंने प्रस्तुति प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग लिया और प्रतियोगिता को सफल बनाया।



**फिल्म विश्लेषण "द परस्यूट ऑफ हैप्पीनेस**

## कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता


शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में वाणिज्य विभाग द्वारा 8 अक्टूबर 2024 को छात्रों में रचनात्मकता और कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता का विषय "मेरा सपना भारत" था, जिसमें प्रतिभागियों को कला और नवाचार के माध्यम से अपने विचारों को प्रदर्शित करने का अवसर मिला। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। कुल 10 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से प्रत्येक ने पुनर्नवीनीकरण सामग्री, समाचार पत्रों, पत्रिकाओं और अन्य शिल्प आपूर्ति से बने अनूठे और विचारोत्तेजक कोलाज प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का निर्णायक डॉ. तपस मुखर्जी विभागाध्यक्ष अंग्रेजी, डॉ. मीना चक्रवर्ती विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान, डॉ. अमरनाथ शर्मा विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र थे, जिन्होंने रचनात्मकता, विषय से प्रासंगिकता, मौलिकता और प्रस्तुति के आधार पर प्रविष्टियों का मूल्यांकन किया।




**कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता**

**माइक्रो टीचिंग**

वाणिज्य विभाग हर वर्ष की तरह इस सत्र में भी एम .कॉम प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्रों के लिए माइक्रो टीचिंग का विभागीय कार्यक्रम बी.कॉम के छात्रों के लिए उपलब्ध करवाया , जहाँ एम .कॉम के विद्यार्थी, बी.कॉम की कक्षाओं में जाकर 5-10 मिनट के लिए जो टॉपिक आबंटित होता है उसे छात्रों के समक्ष रखा , इस एक्टिविटी से विद्यार्थी में आत्मविश्वास, संचार कौशल, विषय ज्ञान, कक्षा प्रबंधन और शैक्षणिक तकनीकों को बढ़ाने में मदद मिली , ये एक्टिविटी वाणिज्य विभाग ने 27 .09 .2024 को संपन्न किया विभाग के सभी प्राध्यापक डॉ. समीर जायसवाल , डॉ. आशुतोष साहू एवं श्री सुनील देवांगन इस कार्यक्रम के अतिथि थे।



## माइक्रो टीचिंग

# महाविद्यालय में आयोजित पाठ्येत्तर गतिविधियाँ

# रेड  रिबन इकाई  द्वारा आयोजित गतिविधियाँ

### अंतराष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम

दिनाँक 12.08.2024 को महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब के द्वारा एचआईवी के रोकथाम के लिए प्राप्त सुविधाओं विषय के अंतर्गत रंगोली, निबंध, एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आए छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर थे। कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापक गण एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।







### अंतराष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम

### ग्राम बोरी में नुक्कड नाटक कार्यक्रम का आयोजन

दिनाँक 26.09.2024 को महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब के द्वारा एड्स जागरुकता हेतु नुक्कड नाटक कार्यक्रम  का आयोजन ग्राम बोरी में किया।जिसमें छात्र- छात्रों नेबढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर थे उपस्थित रहे।  साथ ही कार्यक्रम में अन्य प्राध्यापक गण , छात्र- छात्राएं एवं बोरी के नागरिक गण उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन रेड रिबन प्रभारी श्रीमती कविता ठाकुर द्वारा किया गया।






**ग्राम बोरी में नुक्कड नाटक कार्यक्रम का आयोजन**

## रेड क्रॉस इकाई द्वारा आयोजित गतिविधियाँ

### स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के रेड क्रॉस यूनिट ने आयुष मंत्रालय के सहयोग से अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ रहने के लिए महत्वपूर्ण जांच बिंदुओं को समझने के लिए 13 दिसंबर 2024 को आयुष मंत्रालय द्वारा एक गतिविधि प्रकृति परीक्षण का आयोजन किया, जिसमें आयुर्वेदिक औषधालय बोरी, चीचा, पेंड्रावन, हिर्री, घोटवानी के सरकारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. विनीता चंद्राकर, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी बोरी, डॉ. तनुजा चंद्राकर, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी हिर्री, डॉ. अशोक पंडित, शासकीय आयुर्वेदिक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी घोटवानी, डॉ. रूबी पंडित आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी पेंड्रावन, डॉ. सोनिया हिशिकर शास. आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी चीचा, ने शरीर के महत्वपूर्ण घटकों कफ, पित्त और वात दोष पर चर्चा की और बतलाया कि इसी कफ , पित्त और वात दोषों का आदर्श अनुपात एक व्यक्ति को स्वस्थ बना देता है और इसकी अनुचित अनुपात से स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो जाती है । प्रकृति परीक्षण निश्चित रूप से किसी व्यक्ति को उनके शरीर संरचना मिश्रण की प्रकृति को बतलाता है और मौसम बदलने पर व्यक्ति को क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए, यह समझने में मदद करता है । स्वस्थ रहना और अपने जीवन को सुविधाजनक बनाने के लिए व्यक्ति को क्या सावधानियां बरतनी चाहिए इस विषय में जानकारी देता है ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शासकीय नवीन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ.) कमर तलत ने रेड क्रॉस बोरी इकाई को इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बधाई दी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ.समीर जयसवाल ने दिया। इस कार्यक्रम में डॉ. आशा दीवान, डॉ. मीना चक्रवर्ती, डॉ. हंसराज ठाकुर, डॉ. संगीता शर्मा, डॉ. मनीषा ठाकुर, गेस्ट फैकल्टी डॉ. नुसरत जहां, डॉ. आशुतोष साहू, श्री सुनील देवांगन, डॉ. कृष्ण कुमार पटेल उपस्थित थे।







**स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम**

**गरबा उत्सव**

शासकीय नकन महाविद्यालय, बोरी में 7 अक्टूबर 2024 को नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में गरबा उत्सव का आयोजन किया गयाउत्यव का प्रारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर और अन्य प्राध्यापको द्वारा आदिशक्ति माँ दुर्गा के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं माल्यापर्ण कर किया गया तत्पश्चात महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने गरबा नृत्य किया। महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला। इस उत्सव में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यपाक गण एवं अतिथि व्याख्याता उपस्थित रहे।



गरबा उत्सव

## दीक्षारंभ कार्यक्रम

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में 5 अगस्त 2024 को नव प्रवेशित विद्यार्थीयों कक्षा B.A. BSc. एवं B.com के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लिए नव-प्रवेशित छान-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं "राष्ट्रीय शिक्षा नीति2020" के  संबंध में जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को भी बुलाया गया और महाविद्याल के प्राध्यापकों ने छात्र- छात्राओ एवं उनके अभिभावकों को महाविद्यालय में"राष्ट्रीय शिक्षा नीति2020"ke उद्देश्यसे परिचित कराया गया। इसी कड़ी में बी.ए , बी .एस .सी और बी. कॉम के कुछ विद्यार्थियों ने अपना परिचय दिया। कार्यक्रम का आरम्भ प्रभारी प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर के उद्बोधन से शुरू हुआ तत्पश्चात सभी प्राध्यापक और अतिथि व्याख्याता ने अपना परिचय दे कर "राष्ट्रीय शिक्षा नीति2020"से जुड़े पाठ्यक्रम के बारे में छात्र छात्राओं को बताया।



## दीक्षारंभ कार्यक्रम

# युवा उत्सव

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में 9 और 10 नवम्बर 2024 को युवा महोत्सव मनाया गया। सांकृतिक प्रभारी श्रीमती कविता ठाकुर और श्री मोहित कुमार के निर्देशन और मार्गदर्शन में यह महोत्सव आरम्भ हुआ, जिसमे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। महोत्सव में ''**रंगोली,मेंहदी ,पोस्टर मॅकिंग ,क्विज प्रतियोगिता ,तात्कालिकवाद विवाद , एकल गान, समूह गान**''प्रतियोगिताओ का आयोजन हुआ।दो दिवसीय इस आयोजन मेंमहाविद्यालय में हर्षो उल्लास का वातावरण बना रहा। छात्र – छात्राओं ने समस्त प्रतियोगिताओ में सुंदर तरीके से अपना प्रदर्शन दिया। कार्यक्रम की सफलता पर महाविद्यालय के प्रभारी













## युवा उत्सव

## वार्षिक उत्सव

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम मनाया मनाया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य श्री जितेंद्र साहू जी की  आतिथ्य में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) कमर तलत ने किया। प्राचार्य मैडम ने अपने अध्यक्षीय भाषण में वर्ष भर की विभिन्न गतिविधियों का विस्तार से उल्लेख किए तथा महाविद्यालय के समस्याओं को रखते हुए इसे पूरा करने के लिए मुख्य अतिथि को ज्ञापन सौंपे। श्री जितेंद्र साहू ने अपनी भाषण में महाविद्यालय के उत्तरोत्तर विकास करने और महाविद्यालय के समस्याओं को शासन तक पहुंचने एवं निराकरण करने के लिए आश्वासन दिए तथा छात्र छात्राओं को रोजगार उन्मुखी शिक्षा के लिए प्रेरित किए। कार्यक्रम में 2023-24 के परीक्षा में मेरिट आए विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया तथा सांस्कृतिक विभाग द्वारा कराए गए युवा महोत्सव, जनजातीय गौरव अतीत कार्यक्रम, एवं वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं विनर शिल्ड, मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य, नाटक प्रसंग एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रति वर्ष की भाती इस वर्ष बी. एस. सी अंतिम के छात्र गजेन्द्र साहू को स्टूडेंट्स ऑफ ईयर से सम्मानित किया गया। कु. यामिनी साहू एम. कॉम अंतिम में मेरिट के लिए गोल्ड मेडल एवं नेट परीक्षा उत्तीर्ण के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती कविता ठाकुर एवं क्रीड़ा प्रभारी श्री मोहित कुमार ने किए। कार्यक्रम में जनभागीदारी के सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित रहें तथा महाविद्यालय के वरिष्ट प्राध्यापक डॉ. तापस मुखर्जी, डॉ. आशा दीवान, डॉ अमरनाथ शर्मा, पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर, डॉ. मीना चक्रवर्ती, श्री सुरेन्द्र कुमार मेहर, श्री भागवत कुर्रे,डॉ. समीर जायसवाल, डॉ. मनीषा ठाकुर सभी अतिथि प्राध्यापक, कार्यालयीन स्टाफ एवं महाविद्यालय के 700 से अधिक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।






## वार्षिक उत्सव

## खेल का आयोजन

### दो दिवसीय सेक्टर स्तरीय शतरंज (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में दो दिवसीय सेक्टर स्तरीय शतरंज , (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दुर्ग - सेक्टर से शामिल 22 महाविद्यालय के 112 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिपं सदस्य एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जितेंद्र साहू रहे। साथ ही वरिष्ठ समाजसेवी पवन शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी मयंक डीन, वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी नरेश धर दीवान, डॉ. रमेश त्रिपाठी एवं 22 महाविद्यालयों - के क्रीड़ाधिकारी एवं प्रबंधकों के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं - मौजूद रहे। प्रतियोगिता में सेंट थॉमस महाविद्यालय रूआबांधा भिलाई ने प्रथम स्थान एवं शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के बाद दुर्ग सेक्टर टीम का गठन किया गया, जिसमें कुल 5 प्रतिभागियों का चयन किया गया तथा एक अतिरिक्त खिलाड़ी को भी रिजर्व में रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बोरी महाविद्यालय के प्राचार्य हंसराज ठाकुर ने की, इस पूरे आयोजन के संयोजक

महाविद्यालय में पदस्थ सहायक प्राध्यापक (भौतिकी) प्रभारी कीड़ा अधिकारी मोहित कुमार ने किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में डॉ. तापस मुखर्जी का विशेष योगदान रहा। जितेंद्र साहू ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से आसपास के बच्चों का बौद्धिक विकास होता है, जो छत्तीसगढ़ एवं देश के लिए अपना बौद्धिक सहयोग दे पाते हैं। इस अवसर पर डॉ. अन्नपूर्णा, डॉ. आशा दीवान, डॉ. मीणा चक्रवर्ती, मिस्टर सुरेंद्र मेडर, डॉ. संगीता शर्मा आदि उपस्तिथ रहे।







## दो दिवसीय सेक्टर स्तरीय शतरंज (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन

# दो दिवसीय वार्षिक खेल का आयोजन

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में दिनांक 16 एवं 17 दिसंबर 2024 को दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें छात्र एवं छात्राओं के लिए वॉलीबॉल बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, दौड़, गोला फेक, शतरंज, किक्रेट, टेबल टेनिस एवं जेब्रलिन श्री प्रतियोगिताओं रखी गयी । प्रतियोगिता का शुभारंभ दिनांक 16 दिसम्बर 2024 को हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. (श्रीमती) कमर चलत ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। तत्पश्चात् महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर प्राचार्य महोदया तथा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों का स्वागत किया। वार्षिक खेल प्रतियोगिता का संक्षिप्त विवरण महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. हंसराज ठाकुर द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य  महोदया ने अपने उद्‌बोधन में विद्यार्थियों को बतलाया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास हो सकता है और खेलकुद स्वस्थ रहने की कुंजी है। इसलिए विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेल खेलना चाहिए और महाविद्यालय उन्हें खेलने के लिए समस्त सुविधाएँ प्रदान करता है। प्रतियोगिता का आरंभ प्राचार्य महोदया द्वारा खो-खो के दोनों टीमों के लिए टॉस कर किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने समस्त विधाओं में बढ़चडकर अति उत्साह के साथ भाग लिया। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय के क्रिड़ा प्रभारी श्री मोहित कुमार सहा प्राध्यापक भौतिकी द्वारा किया गया जिनके मार्गदर्शन में मैदान की तैयारी से जकर टीम के चयन एवं प्रतियोगिताओं का संपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. आश दीवान, डॉ. अमरनाथ शर्मा, डॉ. मीना बक्रबती. डॉ. संगीता देवी शर्मा, श्री सुरेन्द्र कुमार मेहर, डॉ. समीर जायसवाल, श्री भागवत कुर्रे, डॉ मनीषा ठाकुर, श्रीमती कवित्ता ठाकुर, डॉ. भारती साहू, डॉ. नुसरत जहाँ डॉ. आशुतोष साहू, श्री सुनील देवांगन, श्री अनुराग पटेल, डॉ. कृष्ण कुमार पटेल उपस्थित थे।




**शतरंज**




कबड्डी( पुरुष )



वॉलीबॉल ( पुरुष )



**बैडमिंटन(महिला)**



**कबड्डी(महिला)**

## पोषक विद्यालय संपर्क अभियान

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त निर्दोषों के अनुरूप दिनांक 16 जनवरी 2025 को शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के प्राध्यापकों की एक टीम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चीचा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिटिया में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के क्रियान्वन हेतु उपस्थित हुए इस अभियान का उद्देश्य पोषक विद्यालयों को चिन्हांकित करते हुए वर्तमान में प्रदेश में उच्च शिक्षा संस्थानों में सकल नामांकन अनुपात को बढ़ाने के लिए पोषक विद्यालय के विद्यार्थियों को उनके निकटवर्ती क्षेत्र में उपलब्ध शासकीय महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रमों एवं सुविधाओं की जानकारी प्रदान करना था कार्यक्रम के प्रारंभ में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चीचा के प्राचार्य श्री जी पी देश्लेहरे एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिटिया की प्राचार्या श्रीमती तुलसी द्वारा विद्यार्थियों को कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य बतलाया तत्पश्चात महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ तापस मुख़र्जी ने नयी शिक्षा निति पर प्रकाश डालते हुए आने वाले समय में उच्च शिक्षा की चुनोतियाँ एवं अवसरों के बारे में जानकारी दी , प्रोफेसर सुरेन्द्र मेहर विभागाध्यक्ष गणित ने महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम तथा उपलब्ध संसाधनों एवं सुविधाओं के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की । डॉ. समीर जायसवाल विभागाध्यक्ष वाणिज्य ने बोर्ड परीक्षा की शुभकामनाओं के साथ वाणिज्य विषय की बारीकियों को बारे में अवगत कराया तथा छात्रों के रुझान को आंकते हुए महाविद्यालय के समृद्ध वाणिज्य विभाग में प्रवेश लेने हेतु अभिप्रेरित किया । श्री मोहित कुमार ने भौतिकी विषय में भविष्य में उपलब्ध अवसरों से अवगत कराया । कार्यक्रम के अंत प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों की शंकाओं का

निवारण किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया तथा अपने अनुभव फीडबैक के माध्यम से साझा किया संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. श्रीमति कमर तलत के कुशल निर्देशन में किया गया।







**पोषक विद्यालय संपर्क अभियान ( शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चीचा और लिटिया)**

## ग्रीन कैंपस इकाई द्वारा आयोजित गतिविधियां

### ❖ वृक्षारोपण महोत्सव

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी मे 13 जुलाई 2024 को महाविद्यालय के ग्रीन कंम्पस समिति द्वारा वृक्षारोपण महोत्सव का आयोजन किया गया , इस कार्यक्रम मे विभिन्न प्रजातियों के लगभग 400 पौधे महाविद्यालय प्रांगण मे वृक्षारोपित किए गये। उक्त कार्यक्रम के लिए पौधों कीआपूर्ति छत्तीसगढ़ शासन के वन विभाग द्वारा किया गया। वृक्षारोपण महोत्सव का यह आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ हंसराज ठाकुर के मार्गदर्शन मे ग्रीन कॅम्पस इकाई के प्रभारी श्री मोहित कुमार सहायक प्राध्यापक भौतिकी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम मे महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक , महाविद्यालय क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं महाविद्यालय के छात्र –छात्राएँ उपस्थित रहे।



वृक्षारोपण महोत्सव

### ➢ एक पेड़ माँ के नाम

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी मे छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार "एक पेड़ माँ के नाम " विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की विशेष बात यह थी कि महाविद्यालय परिवार के समस्त प्राध्यापकों ने महाविद्यालय प्रांगण मे अपनी माँ के नाम पर एक एक पौधा रोपा ,महाविद्यालय परिवार के लिए यह बहुत गौरव की बात थी कि महाविद्यालय के समस्त लोगों ने



## एक पेड़ माँ के नाम

# राष्ट्रीय सेवा योजना , सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम - हिर्री

- **प्रथम दिवस(27.11.2024)**

  शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के राष्ट्रीय सेवा योजना के ईकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत हिर्री शासकीय माधामिक शाला में शुभारंभ हुआ। इसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जन भागीदारी अध्यक्ष शासकीस नवीन महाविद्यालय बोरी एवं जिला पंचायत सदस्य श्री जितेन्द्र साहू जी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत हिर्री के सरपंच परमिला मेरुधारी साहू जी. विशेष अतिथि के रूप में प्रताप यादव (विधायक प्रतिनिधि) एवं श्री एम. आर. भण्डारे, प्राचार्य सेजस उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंदजी के शैलचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री भागवत कुर्रे ने सात दिवसीय शिविर के बारे में संक्षिप्त परिचय एवं रुपरेखा बताया। मुख्य अतिथि ने बच्चो को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप भाग्यशाली हो कि विभिन्न गाँव मे जाकर आपको सेवा करने का मौका मिला। यह आपकी सफलता पाने की पहली सीढी है। एवं इसी भाव से एक गांव का एक राज्य का तदुपरान्त एक देश का विकास होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सरपंच महोदया हिर्री ने कहा हमारे गाँव के लिये सौभाग्य की बात है कि आपने शिविर स्थल के रूप में हमारे गाँव को चुना। कार्यक्रम में शास- नवीन महा. बोरी से डा. अमरनाथ शर्मा, डा. मीना चक्रवर्ती, श्री मोहित कुमार,श्री अनुराग पटेल एवं राष्ट्रीय सेवायोजना के समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



## प्रथम दिवस

- **द्वितीय दिवस  (28.11.2024)**

शासकीय नवीन महाविद्यालय विद्यालय बोरी  के राष्ट्रीय सेवा योजनाकी इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजनग्राम पंचायत हिर्री के शासकीय माध्यमिक शाला मेद्वितीय दिवस रहा। जिसमे सभी स्वयंसेवक प्रातः5 बजे उठकर ग्रामीण भ्रमण के लिये गये। ग्रामीणभ्रमण से आकर स्वयंसेवकों ने योग एवं प्राणायामकिया। चाय व नाश्ते के बाद सभी स्वयंसेवकों द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला हिर्री के बागवानी,रसोईघर की साफसफाई किया गया । मध्यान्ह भोजनके पश्चात शाला के बच्चों को खेल कूद सिखाया गया।रात्रि मे ... बच्चों एवं स्वयंसेवकों द्वारा नृत्य, गीत की प्र



## द्वितीय दिवस

- **तृतीय दिवस (29.11-2024)**

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के राष्ट्रीय सेवा योजना की ईकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत हिर्री के माध्यमिक शाला मे तृतीय दिवस रहा। सभी स्वयंसेवक प्रातः 5 बजे उठकर ग्राम भ्रमण के लिये निकले। ग्राम भ्रमण के दौरान स्वच्छता जागरुकता, शौचालय प्रयोग, पीने योग्य जल का रखरखाव पर जागरूकता देते ग्रामीण जनो से संवाद किया। वापस आकर प्राणायाम एवं योग अभ्यास किया।चाय नाश्ते के बाद स्वयंसेवको द्वारा विद्यालय के प्रागण एवं बागवानी की साफ सफाई की गई। मध्यान्ह भोजन के पश्चात अल्प आराम व दोपहर में बौब्दिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में जिला नोडल अधि. उद्यानिकी वि. मोहला मानपुर से माननीय पी. एस. भदौरियाजी. एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी माननीय जी. एस. कवर जी द्वारा स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन व राष्ट्रसेवा के लिये मार्गप्रशस्त किया गया।शाम को खेलकुद व रात्रि में सांस्कृतिक गतिविधियो द्वारा स्वयंसेवकों के सम्पूर्ण विकास के लिये स्वप्रेरित किया



## तृतीय दिवस

- **चतुर्थ दिवस (30.11.2024)**

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत हिर्री के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में चतुर्थ दिवस रहा। सभी स्वयंसेवक प्रातः 5 बजे उठकर ग्रामीण भ्रमण के लिए गए, भ्रमण से आकर स्वयंसेवकों ने योग एवं प्राणायाम किया। चाय व नाश्ता के बाद सभी स्वयंसेवकों के द्वारा शास. पूर्व माध्यमिक विद्यालय हिर्री के प्रवेश द्वार के सामने और प्रांगण की साफ-सफाई की गई, क्यारियों का रंग रोगन किया गया। माध्यान्ह भोजन के पश्चात बौद्धिक परिचर्चा में पूर्व जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना (राजनांदगांव) के द्वारा सहायक प्राध्यापक डा. श्री सुरेश कुमार पटेल जी ने विकसित भारत के लिए युवाओं का योगदान के विषय में स्वयंसेवकों से चर्चा की।




स्वयं से पहले दूसरे की सेवा, अपने लक्ष्य में पूरा समय देना, जल संरक्षण, मानसिक स्वच्छता, निर्णय क्षमता विकसित करता इत्यादि पर चर्चा हुई।कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी श्री पी. लामवत् करे, सुरेन्द्र मेहर जी, मुकेश सिन्हा जी, सुनील रेकवाजि और सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## चतुर्थ दिवस

- **पन्चम दिवस (01.12.2024)**

शास नवीन महाविद्यालय बोरी के राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम - पंचायत हिर्री के शास. पूर्व माध्यमिक शाला मे 27.11.24 से 03.12.2024 तक प्रस्तावित है, जिसमे आज दिनांक01.12.2024 का पांचवा

दिवस रहा। जिसमे सभी संयंसेवकों के द्वारा ग्रामीण परिवेश, बाजार, चैक, गली, नाली आदि की सफाई और ग्रामीण को कचरा, कुडोदान में डालने के लिये जागरूक किया और पेडों का रंग रोगन किया गया। आज के कार्यक्रम बॉब्दिक परिचर्चा के लिये भूतपूर्व स्टील अथाॅरिटी इण्डिया लि. के इजीनियर एवं समाजसेवी श्रीमान विकास गुप्ता जी उपस्थित हुये, जिसमे गुप्ता जी ने जीवन जीने के लिये एकीगाई, अतिसूक्ष्मवाद आदि विषयों पर स्वयंसेवकों से चर्चा किया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी श्री भागवत कुर्रे के साथ श्री मोहिन कुमार, श्री कृष्णा कुमार, श्री आशुतोष साहू, श्री सुनील देवागन,श्री अनुराग पटेल और सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।






**पन्चम दिवस**

- **षष्ठम् दिवस (02.12.2024)**

  शास. नवीन महाविद्यालय बोरी के राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत हिर्री के शस. पूर्व माध्यमिक शाला में 27.11.2024 से 03.12.2024 तक प्रस्तावित है जिसमे आज दिनांक 02.12.2024 का छठवा दिवस रहा। जिसमे सभी स्वयं सेवक द्वारा ग्रामीण परिवेश, तालाब गली, नाली आदि की सफाई और सफाई और ग्रामीणों को खुले में शौच न करके शौचालय का प्रयोग करना चाहिये संदेश दिया। आज की बाॅद्धिक परिचर्चा में स्वास्थ्य विभाग डै  आयुष से श्री उत्पल सिंह जी उपस्थित रहे, जिसमे उत्पल जी ने समय




और सांस का महत्व, दुर्घटना पर सहायता ध्यान, योग, और प्राणायाम, संतुलित आहार, जागरूकता आदि विषयों पर स्वपसेवकों से  चर्चा किया। कार्यक्रमों में राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी श्री भागवत कुर्रे जी, श्री कृष्ण कुमार पटेल जी और सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## षष्ठम् दिवस

## सप्तम् दिवस(03.12.2024)

शासः नवीन महाविद्यालय बोरी. के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा ग्राम पंचायत हिर्री मे सात दिवसीय विशेष शिविर को आयोजन 27.11.2024 से 03.12.2024 का आज आखिरी दिवस रहा। शिविर मे स्वयंसेवक विभिन्न सामाजिक और जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से अपनी प्रतिभा और सेवा भावना की प्रदर्शन किया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईश्वर साहू विधायक, विधानसभा क्षेत्र साजा ने प्रतिभागियों के उत्साह की प्रसंशा करते हुये कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं को समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने और समझने का अवसर प्रदान करता है। स्वयंसेवकों ने स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी भागवत कुर्रे जी ने



सात दिवसीय विशेष शिविर के प्रतिवेदन का वाचन किया।कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य एवं महाविद्यालय जानभागीदारी समिति अध्यक्ष जितेन्द्र साहू जी, मण्डल अध्यक्ष- कृष्णा पटेल जी, सरपंच हिर्री प्रमिला मेरूघारी, विधायक- प्रतिनिधि - प्रताप सिह यादव, प्रत्यार्थ आत्मानंद विद्यालय-भण्डारे, प्रधानपाठिका मिडिल स्कूल - डा. वर्षा हरिहरणे, बोरी महाविद्याल के प्राध्यापक, डा. तापस मुखर्जी, डा. अमरनाथ शर्मा, डा. आशा दीवान, श्री मोहित कुमार, डा. कृष्णा कुमार, श्री अनुराग  पटेल एवं समस्त ग्राम पंचायत हिर्री के ग्रामवासी उपस्थित रहे।





**सप्तम् दिवस**

## स्थापना दिवस 24.03.2024

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी को प्रभारी प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर के मार्गदर्शन एवं संरक्षण से कार्यक्रम अधिकारी श्री भागवत कुर्रे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के आगे पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की गई। प्रभारी प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वार्थ भाव से सेवा करना सिखाता है, हम समाज एवं अन्य लोगों के प्रति विचारशील होना चाहिए तथा अपने कर्तव्य के लिए सजग रहना चाहिए। हमें सदैव राष्ट्रहित के लिए कार्य करना चाहिए।इसके साथ ही महाविद्यालय के हिन्दी विभाग की आशा दिवान ने कविता के माध्यम से तथा महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग प्रमुख डॉ. तापस मुखर्जी ने सेवा भाव पर अपने विचार प्रस्तुत किया।इस कार्यक्रम में

डॉ. अन्नापूर्णा महतो, डॉ. अमरनाथ शर्मा, सुरेन्द्र मेहर, डॉ. संगीता शर्मा, श्री समीर जायसवाल, कविता ठाकुर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित थे।




## स्थापना दिवस

## महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई का परियोजना कार्य 5.10.2024 किया गया। यह परियोजना कार्य के प्रभारी प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया। इस परियोजना कार्य में महाविद्यालय के परिसर में स्वच्छता कार्य किया गया। यह कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री भागवत कुरै के नेतृत्व में किया गया। इस परियोजना कार्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के लगभग 80 स्वयंसेवक शामिल हुए।



**साफ सफाई**

# राष्ट्रीय युवा दिवस

शास. नवीन महाविद्यालय बोरी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 12 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में संख्या प्रमुख डॉ. कमर तलत महोदय के द्वारा "राष्ट्र निर्माण में स्वामी जी की भूमिका" पर व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापकों द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने लक्ष्य गीत गाकर कार्यक्रम में ऊर्जा का प्रवाह किया गया। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए प्राचार्य ने कार्यक्रम अधिकारी का ती भागवत कुर्रे की सराहना की। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के लगभग 80 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे




**राष्ट्रीय युवा दिवस**

**मतदाता दिवस**

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी मेंआज दिनांक 25.01 2025 को प्राचार्य डा॑. कमरतलत के मार्गदर्शन और निर्देशन मे मतदातादिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम काआयोजन हुआ। जिसमे महाविद्यालय के प्राचार्यने सभी आधकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरुकता पर सभी कोजागरुक रहने की सीख देते हुए शपथ लियागया। इस कार्यक्रम को सफल संचालन कार्यक्रम आधकारी श्री भागवत कुर्रे ने किया। एवं छै के स्वयंसेवक को भी संबोधित किया।शपथ मे सभी ने भारत के नागरिक कोलोक तांत्रिक परंपराओ की मर्यादा को बनाए रखनेऔर निर्भीक होकर सभी धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन सेप्रभावित हुए बिना मताधिकार का प्रयोग करने को कहा गया।




**मतदाता दिवस**

# महाविद्यालय में आयोजित अन्य गतिविधियां

## प्राचार्य महोदय का स्वागत

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी मे 11 नवंबर 2024 को डॉ. ( श्रीमती ) क़मर तलत ने महाविद्यालय मे प्राचार्य के रूप मे पदभार ग्रहण किया । महाविद्यालय परिवार द्वारा हर्ष के साथ उनका स्वागत किया गया । स्वागत समारोह मे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ हंसराज ठाकुर द्वारा महाविद्यालय की गतिविधियों से अवगत करवाते हुए महाविद्यालय की नई प्राचार्य डॉ. ( श्रीमती ) क़मर तलत के लिए स्वागत भाषण प्रस्तुत किया तत्पश्चात महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. तापस मुखर्जी के ने प्राचार्य महोदया डॉ. ( श्रीमती ) क़मर तलत का व्यक्तिगत परिचय देते हुए उद्बोधन प्रस्तुत किया। प्राचार्य महोदय डॉ. ( श्रीमती ) क़मर तलत ने मंचासीन होकर अपने अनुभवों का साझा किया। इस कार्यक्रम मे महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं अतिथि व्याख्याता उपस्थित रहे।






प्राचार्य महोदय का स्वागत

## छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड" के अध्यक्ष जितेंद्र साहू जी का सम्मान समारोह

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जितेंद्र साहू को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा "छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड" के अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, तथा महाविद्यालय के वार्षिक पत्रिका "महाविद्यालय दर्पण" का विमोचन किया गया। इसके साथ महाविद्यालय जन-भागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) कमर तलत ने की, उन्होंने जितेंद्र साहू को छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई दी तथा महाविद्यालय के विभिन्न समस्याओं के निराकरण के संबंध में उनसे चर्चा की। जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने महाविद्यालय में ढांचागत निर्माण, महाविद्यालय तक जाने वाली सड़क निर्माण, एवं पेयजल की सुविधा सुदृढ़ करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। कार्यक्रम का संचालन मोहित कुमार (सहायक प्राध्यापक भौतिक शास्त्र) ने किया। धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ आशा दीवान ने किया। इस कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति के सदस्य इंद्रविजय ताम्रकार, कामदेव साहू, लोकनाथ वर्मा, दौलत राम, मिथिलेश मांडवी, दुष्यंत देशमुख, पुनउ राम सहरिया, नरसिंह यादव, महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर तापस मुखर्जी, प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार मेहर, डॉ. संगीता देवी शर्मा, डॉ. मनीषा ठाकुर, डॉ. भारती साहू, डॉ नुसरत जहां, डॉ. आशुतोष, सुनील देवांगन, अनुराग पटेल कार्यालय स्टाफ एवं समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।




जितेंद्र साहू जी का सम्मान समारोह

## एलुमनी मीट

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में पूर्व में पास आउट विद्यार्थियों का एलुमनी एसोसिएशन के बैनर तले एक बैठक प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) कमर तलत की अध्यक्षता में, संपन्न हुई। इसमें महाविद्यालय के पास आउट विद्यार्थी शामिल हुए। प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों के स्वागत के पश्चात्, फीडबैक अंतर्गत एलुमनी से उनकी अपनी तरफ से बात रखने एवं महाविद्यालय के विकास में योगदान पर विचार रखने को कहा। इस पर एलुमनी द्वारा प्राइवेट छात्र के परीक्षा केंद्र एवं नियमित स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के

परीक्षा केंद्र के बारे में उठी चर्चा में प्राचार्य ने बताया कि, अब आगामी सत्र से नियमित एवं प्राइवेट छात्रों का परीक्षा केंद्र बोरी रहेगा बैठक में उपस्थित एलुमनी कृष्णा कुमार साहू ने महाविद्यालय को एक कंप्यूटर उपलब्ध कराने की बात कही इसके बाद एलुमनी के अन्य पदाधिकारीगण मिलकर सदस्यता संख्या बढ़ाने, एलुमनी एसोसिएशन का पंजीकरण, स्पोर्ट्स क्लब, महाविद्यालय विकास कार्य के लिए मुद्रा / वस्तु / श्रम के रूप में दान देने का प्रस्ताव पारित किया साथ ही अन्य सहयोग हेतु एलुमनी एवं स्थानीय सरपंच की संयुक्त बैठक शीघ्र कराने का आश्वासन दिया बैठक में पूर्व छात्र सूरज कुमार देशमुख, मोहनीश ताम्रकार, गोपेन्द्र सिंह राजपूत, निलेश शर्मा, कृष्णा साहू, युगल किशोर, मयंक देशमुख, राघव किशोर वर्मा एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. तापस मुखर्जी, डॉ. समीर जायसवाल, श्रीमती कविता ठाकुर उपस्थित थे। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन एलुमनी समिति प्रभारी डॉ. अमरनाथ शर्मा ने दिया।



एलुमनी मीट

## अंचल के सरपंचों का बोरी महाविद्यालय के विकास में सकारात्मक पहल

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में आसपास के पंचायत के सदस्यों के बैठक का आयोजन 30मई 2024 को महाविद्यालय सभागार में प्राचार्य डॉ कमर तलत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें बोरी, दनिया, फूंडा, डोमा, नवागांव, पुर्दा, टेकापार, लिटिया के सरपंच एवं भूतपूर्व विद्यार्थी सम्मिलित हुए। प्राचार्य ने सभी का स्वागत एवं महाविद्यालय की उपलब्धियों पर चर्चा के पश्चत महाविद्यालय के विकास में सरपंचो एव भूतपूव विद्यार्थियों से जानकारी चाही। उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा महाविद्यालय का परिभ्रमण किया गया। तत्पश्चत वर्त्तमान सामान्य समस्याओ यथा भवन के आस-पास गढ़ों की भराई, महाविद्यालय के मैनगेट, वाटर कूलर, कंप्यूटर की व्यवस्था, भवन के बाहर विद्द्युत लाइट की व्यवस्था, कच्चे मैन रोड का मरमत, सयकिल स्टैंड के निराकरण सरपंच स्तर पर किये जाने की स्वीकृति दी गई साथ ही बड़ी समस्या यथा अतिरिक्त कमरे का निर्माण , बाउंड्री वाल , वर्तमान भवन में सिपेज की समस्या के निराकरण हेतु विधायक, मंत्री, अधिकारी स्तर पर सामूहिक प्रयास में अपना योगदान कर शीघ्र निराकरण करने की स्वीकृति दी गई। बैठक में सरपंच श्री नवनीत देशमुख बोरी पंचायत ,रेवती पूनम

दिल्लीवार फूंडा पंचायत, गौरव कुमार मढिया डोमा पंचायत, शेखर साहू पुर्दा पंचायत, महेंद्र निषाद टेकापार पंचायत, लिटिया पंचायत एवं भूतपूर्व विद्यार्थी संघ के ताम्रकार, गोपेन्द्र सिंह राजपूत उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शर्मा, मोहित कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन कुर्रे सर ने किया



सरपंचों की बैठक

## महाविद्यालय मे राष्ट्रीय पर्वों का आयोजन

### स्वतंत्रता दिवस

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी मे हर्षो उल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ हंसराज ठाकुर के करकमलों से महापुरुषों के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया तत्पश्चात महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों और प्र. प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण किया गया और छात्राओं ने राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ आशा दीवान ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की गाथा कहते हुए सुन्दर तरीके से भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का निर्देशन, मंच संचालन और समपान की घोषणा श्री मोहित कुमार द्वारा किया गया। अंत मे महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरण किया गया।




## स्वतंत्रता दिवस

## गणतंत्र दिवस

शासकीय नवीन महाविद्यालय ,बोरी मे गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ महापुरुषों की तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं माल अर्पण करके किया गया तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. (श्रीमती )क़मर तलत् द्वारा ने ध्वजारोहण किया गया और विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया । कार्यक्रम का मंच संचालन और निर्देशन व मार्गदर्शन श्री मोहित कुमार ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ( श्रीमती ) क़मर तलत् द्वारा गणतंत्र दिवस एवं संविधान के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर तापस मुखर्जी ने संविधान लागू होने के इतिहास को संक्षिप्त रूप से सभी छात्र-छात्राओं के समक्ष रखा। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ आशा दीवान ने किया एवं छात्र-छात्राओं को मिष्ठान वितरण किया गया।




Principal
Govt. College, Bori
Dist.-Durg (C.G.)